छबिसमुद्र हरि रूप बिलोकी। एकटक रहे नयन पट रोकी।।
बिप्र जेवाँइ देहिं दिन दाना। सिव अभिषेक करहिं बिधि नाना।।
| Ram Katha 941 - मानस समुद्राभिषेक || Indoneshiya || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 42 | इंदौर, शनिवार 24 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

||-२।-७।।
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**कोई लाख अपमान करे... कोई लाख आक्षेप करे... कोई लाख आरोप करे... और तुम्हारे भजन के प्रताप से तुम सच्चे हो... तो इन सभी विष को हरि नाम के साथ पी जाना ये तप है...**

|| Ram Katha 941 - मानस समुद्राभिषेक || Indoneshiya ||

# फिर पांच हजार करोड़ का कर्ज लेगी सरकार

## 18 दिन पहले लिया था 5 हजार करोड़ का लोन

◆ एक महीने में होगा 10 हजार करोड़ कर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार अगस्त महीने में फिर पांच हजार करोड़ का कर्ज लेगी। यह कर्ज दो बार में ढाई-ढाई हजार करोड़ रुपए के रूप में लिया जाएगा। यह कर्ज जन्माष्टमी के अगले दिन 27 अगस्त को लिया जाएगा, जिसकी भरपाई सरकार 14-14 साल की अवधि में करेगी। इससे पहले, छह अगस्त को मोहन सरकार ने पांच हजार करोड़ का कर्ज लिया था। इसके बाद 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को राखी के लिए 250 रुपए और 1250 रुपए की मासिक किश्त, कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के बकाया एरियर्स की राशि का भुगतान किया गया है। अब 2038 तक के लिए नया लोन लिया जाएगा।**

वित्त विभाग द्वारा इसी महीने लिए जाने वाले ढाई हजार करोड़ के नए लोन के लिए ऑक्शन की अधिसूचना जारी कर



दी गई है। इसमें कहा गया है कि ढाई हजार-ढाई हजार करोड़ का यह कर्ज 28 अगस्त 2038 तक 14-14 साल की अवधि के लिए लिया जा रहा है, जिसकी भरपाई सरकार इस अवधि में करेगी। इसका ब्याज सरकार हर साल जमा करती रहेगी। इसके पहले, छह अगस्त को लिए गए कर्ज में 11 साल और 21 साल की अवधि में ब्याज का भुगतान करना तय किया गया है। इस कर्ज की राशि अलग-अलग 2500-2500 करोड़ रुपए रही है। चालू वित्त वर्ष में मोहन यादव सरकार यह तीसरा कर्ज ले रही है। कर्ज की इस राशि से सरकार मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कामों में तेजी लाएगी।

### पिछले साल लिए थे 44 हजार करोड़, अब तक 3. 75 लाख करोड़ का कर्ज

मध्यप्रदेश की जनता पर 31 मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 3 लाख 75 हजार 578 करोड़ रुपए का कर्ज है। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक बीजेपी सरकार ने एक साल में 44 हजार करोड़ रुपए कर्ज लिया था। इसके पहले 31 मार्च 2023 को सरकार पर कर्ज की राशि 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक थी।

# मंगलसूत्र को दांत से काटा और पर्स से अंगूठी चुरा ली

## महाकाल मंदिर में दर्शनार्थी का मंगलसूत्र चोरी करने वाली महिला पकड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** श्रावण मास में महाकाल मंदिर और सवारी में चोरी की वारदात हो रही है। पुलिस समय-समय पर चोरो को पकड़ भी रही है लेकिन चोरी का ग्राफ कम नही हो रहा है। गत 19 अगस्त को महाकाल दर्शन के लिए पहुंची इंदौर की महिला दर्शनार्थी के गले से एक अज्ञात महिला ने गले से सोने का मंगलसूत्र दांत से काटा व पर्स मे रखी सोने की अंगुठी चोरी कर ली थी। महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी महिला को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कार्तिक मेला ग्राउण्ड में एक संदिग्ध महिला के सोने का मंगलसूत्र है। जिसके बाद पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया। पुछताछ में महिला ने अपना नाम कमलाबाई पति मुकेश आयु 50 साल निवासी ग्राम पिगौर पलवल हरियाणा का होना बताया।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# शिप्रा नदी का जल स्तर बढ़ा, घाट के मंदिर डूबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र। शुक्रवार को लोगो की नींद खुली तो झमाझम बारिश के दर्शन हुए। करीब एक घंटे तक तेज बारिश के बाद रिमझिम बारिश हुई। जिसके कारण शहर तरबतर हो गया। शहर में कई क्षेत्रो में सड़को पर बारिश का पानी भर गया। इधर इंदौर व देवास जिले में लगातार हो रही बारिश के बाद शिप्रा नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जिससे रामघाट स्थित कई मंदिरो में शिप्रा नदी का पानी घुस गया। रामघाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।**

जिले में औसत वर्षा का आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में अभी भी कम है। कुछ दिनों से बरसात नहीं होने से उमस-गर्मी ने सभी को बैचेन कर रखा था। पिछले दो-तीन दिन से रूकरूक कर बारिश हो रही है। शुक्रवार सुबह की बरसात से शहर तरबतर होता रहा। बीते 24 घंटे में 43 मिमी (एक इंच से कुछ अधिक) दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में लो प्रेशर एरिया की वजह से म.प्र.में बारिश का स्ट्रॉंग सिस्टम एक्टिव हो गया है। इस वजह से कुछ जिलों में बारिश हो रही है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन और मानसून ट्रफ के चलते तेज बारिश का अनुमान है। 25 अगस्त से सिस्टम और मजबूत हो जाएगा। गुरुवार-शुक्रवार की रात का तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। फिलहाल लोगो को गर्मी उमस से राहत नही मिल रही है।

**शिप्रा नदी का पानी छोटी रपट से ऊपर-** इंदौर में हो रही तेज बारिश के बाद शिप्रा नदी में पानी का लेवल बढ़ गया। पुलिस द्वारा नदी के पुलों पर बेरिकेडिंग कर यातायात डायवर्ट किया गया है। शुक्रवार को सुबह शिप्रा नदी के छोटे पुल से करीब 3 फीट ऊपर पानी बह रहा था। घाटों व पुल के आसपास पुलिस द्वारा बेरिकेडिंग की गई। छोटे पुल से होकर गुजरने वाले वाहनों को डायवर्ट कर बड़े पुल से रवाना किया गया वहीं नदी में पानी का लेवल बढने से लोगों को नदी में जाकर स्नान करने से होमगार्ड जवानों द्वारा चेतावनी देकर रोका गया है।

## आउटसोर्स प्रोग्रामर, कम्प्यूटर आपरेटरों, भृत्यों को नियमित करते हुए ठेका पद्धति समाप्त करने हेतु ज्ञापन सौंपा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर**। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय अन्तर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा मध्यप्रदेश सामान्य निर्वाचन कर्मचारी महासंघ के बेनर तले संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र राठौर द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग देपालपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आउटसोर्स प्रोग्रामर, कम्प्यूटर आपरेटरों, भृत्यों को नियमित करते हुए ठेका पद्धति समाप्त किया जावे। विगत 08 वर्षों से निरंतर अल्प वेतनमान में सेवा दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का संविलियन कर नियमितिकरण किया जावें। लोकसभा व विधानसभा आम निर्वाचन के समय मात्र 10,000 के अल्प वेतन में दिन रात कार्य किया, जो कि वर्तमान समय की मंहगाई के अनुसार बहुत ही कम है। उक्त मांगों सहित अन्य विभिन्न मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में म.प्र. त्रृतिय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रशांत त्रिवेदी, नितेश नागर, योगेश बामनिया आदि सम्मिलित थे।

## गीता भवन में भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम 25 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव जन्माष्टमी को व्यापक स्तर से मनाने के निर्देश दिये हैं। इन निदेर्शों के परिपालन में इंदौर में भी जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। इस सिलसिले में 25 अगस्त को सुबह 9:30 बजे से गीता भवन इंदौर में भगवान श्री कृष्ण पर आधारित एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में भोपाल के श्री विजयदत श्रीधर श्रीकृष्णः भाव, सौन्दर्य और प्रेम का समुच्चय तथा श्री प्रभुदयाल मिश्र श्रीकृष्णः समग्रता की प्रतिमूर्ति विषय पर व्याख्यान देंगे। यह कार्यक्रम गीता भवन ट्रस्ट इंदौर और राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# सड़कों पर अतिक्रमण करने पर 10 दुकानें सील, 58 वाहन जब्त

### यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर यातायात सुधार के लिए निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन के अमले ने आज नगर निगम और यातायात पुलिस के सहयोग से सपना-संगीता रोड क्षेत्र में बड़ी और कड़ी कार्रवाई की है।**

अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी ने बताया कि कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर गठित दलों द्वारा सड़को और फुटपाथों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। शहर के सपना-संगीता रोड़ पर देखने में आ रहा था कि अनेक ऑटो डीलर अपने वाहन सड़कों और फुटपाथ पर रखकर यातायात को बाधित कर रहे थे। इन्हें सड़कों और फुटपाथों से वाहन और अन्य सामग्री हटाने के लिए बार-बार समझाइश दी गई। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं दिखाई दिया। आज कार्रवाई करते हुए 10 दुकाने सील की गई। 58 गाड़ियों को जप्त किया गया। इन्हें ट्रकों के माध्यम से यातायात थाने में रखवाया गया। कुछ गाड़ियों के चालान भी बनाये गये। हिदायत दी गई है कि दुकानों के सामने फुटपाथ और सड़कों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं किया जाये। अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# मानसून की पहली तेज बारिश से इंदौर तरबतर यशवंत सागर ओव्हर फ्लो, शहर हुआ पानी पानी

**ये है शहर के हालचाल - शहर में मूसलाधार बारिश...जगह जगह पानी जमा हुआ ..... सड़के बनी नदियां ... चारों तरफ वाहनों का जाम ... बीआरटीएस ने फिर रुलाया.... वाहनों के जाम ने पुलिस के पसीने छुटे , नालों में पानी भराया , सीजन में पहली बार यशवंत सागर हुआ ओव्हर फ्लो , अन्य तालाब लबालब की ओर .... शहर की अंधिकांश बहुमंजिला इमारतों के बेसमेंट में भराया पानी, निगम , प्रशासन और पुलिस के अधिकारी अलर्ट**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में लगातार हो रही बारिश की वजह से पूरा इंदौर शहर पानी-पानी हो गया है. आसपास के इलाकों में भी बुरा हाल है। शहर की सड़कें नदियों में तब्दील हो गई हैं. सड़कों के साथ ही घरों में भी पानी भर गया है. हालात को देखते हुए मौसम विभाग ने बारिश का रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग ने ॅ अगले 24 घंटों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. । बारिश की वजह से शहर की कॉलोनियों और घरों में पानी घुसने के साथ साथ शहर की अनेक बहुमंजिला इमारतों के बेसमेंट भी पानी लबालब भर गया। मल्टी के लोग पानी की मोटर लगाकर पानी बाहर निकालने में जुटे हुए है। मल्टी में रहने वाले लोगों को अंदर और बाहर आने जाने में परेशानी हो रही है। हमेशा की तरह बीआरटीएस कॉरिडोर में पानी की जमा होने से परेशानी खड़ी कर दी है। उधर शहर के पश्चिम क्षेत्र को पानी पिलाने वाले यशवंत सागर भी ओव्हर फ्लों हो गया है। इसको देखते हुए निगम ने एक गेट चालू कर दिया है। बारिश ने भले ही आफत पैदा कर दी हो लेकिन इंदौर की बारिश के आंकड़े में जरुर इजाफा हुआ है।

इंदौर शहर में मौसम विभाग की भारी बारिश की की चेतावनी के बाद नगर निगम , जिला प्रशासन और पुलिस के अधिारी अलर्ट हो गए है। बारिश की वजह से लोगों का जीवन दोभर हो गया है। शहर के मल्टी स्टोरी के बेसमेंट में पानी भर गया है। शहर में हो रही लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से शुक्रवार को शाम को आने जाने वाली सभी फ्लाइटे प्रभावित हुई है। शुक्रवार को शाम पांच बजे से रात 8 बजे तक लगातार बारिश होने से कई इलाकों में बारिश का पानी जमा रहा। इस दौरान पलासिया विजय नगर क्षेत्र में सबसे अधिक पानी जमा हुआ है।

### यशवंत सागर लबालब

शहर के पश्चिम क्षेत्र की प्यास बुझाने वाला शहर का सबसे पुराना यशवंत सागर तालाब मानसून सीजन में पहली बार लबालब भरा गया है। 19 फीट क्षमता वाला यह तालाब में पानी बढ़ने से रातओव्हर फ्लो होने लगा। इसी बीच निगम के अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर तालाब का एक गेट खोल दिया। तेज बारिश होने से पहले यशवंत सागर में लगभग 18 फीट भरा हुआ था, लेकिन शाम को हुई तेज बारिश के कारण तालाब में पानी का फ्लो बढ़ गया और रात होते होते तालाब ओव्हर फ्लो हो गया।

### नालों के किनारे बिजली व्यवस्था

इंदौर में हुई तेज बारिश के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड पर आ गए। इसी बीच कलेक्टर के निर्देश से नगर निगम ने शहर के सारे नदी नालों के किनारे लाइटिंग लगा दी गई है जिससे की नाले के किनारे रहने वाले लोगों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो। बिजली विभाग ने भी शहर में अनेक स्थानों पर लाइटिंग की व्यवस्था की है।

### कोदरिया में टोने-टोटके या फिर अंधविश्वास ...

# जीवित व्यक्ति की शव यात्रा निकालते ही खूब पानी बरसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू। ग्राम कोदरिया सहित विकासखण्ड में सावन सूखा निकल गया मगर पर्याप्त पानी नहीं बरसने के कारण फसलें सूखने लगी एवं कही कही जमीन में दरारें आ रही थी। इस हेतु इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए एक टोटका किया गया। जिसमें नक्टीखाली हनुमान मंदिर से जीवित व्यक्ति की शव यात्रा बैण्ड बाजे के साथ निकाली गई जो पूरे गांव में भ्रमण के पश्चात सुंदर सार्वजनिक मुक्तिधाम पहुंची । वहां प्रतीक स्वरूप पुतले को मुखाग्नि दी गई।**

शवयात्रा में गांव के पांच सौ से अधिक पुरुष एवं महिलाएं भजन गाती हुई में शामिल हुई। योगेश सुले ने शव की भूमिका का निर्वहन किया। मुखाग्नि भी उन्होंने ही दी। घर -घर से शव पर पुष्पवर्षा की गई। अंतिम विश्राम के पास एक निजी विद्यालय के बाद महिलाओं को रोक कर वापस घर भेज दिया गया। शवयात्रा में शामिल लोगों को भोजन में पेडे वितरित किए गए। शवयात्रा में शामिल हुए सभी का हाथ जोड़ अभिवादन करने की परंपरा का निर्वहन करते हुए पंडित मनोज शर्मा शास्त्री ने सभी को धन्यवाद देकर इंद्र की जयकारा लगाया।

शवयात्रा में शामिल लोग घर लौटे ही होंगे और ग्राम कोदरिया में तभी से बारिश का सिलसिला अनवरत शुरू हुआ। इस प्रकार इंद्र देवता को प्रसन्न करने का टोटका सफल हो गया। यह जानकारी कवि द्रोणाचार्य दुबे ने दी है।

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने थाना चंदन नगर में मनाया रक्षा बंधन

**इंदौर**। कल विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी की प्रमुख बहनों ने थाना चंदन नगर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया जिसमें दुर्गा वाहिनी की जिला सह संयोजिका प्रज्ञा दीदी शर्मा खुशबू वर्मा नेहा यादव परी पाल तमन्ना पोलाया के अन्य बहनों ने सर्व प्रथम पहले थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल जी को राखी बांधकर समस्त हिंदू बहनों की रक्षा व सुरक्षा का संकल्प लिया । वही थाना प्रभारी ने सभी बहनों की रक्षा ओर सुरक्षा का संकल्प लेकर वचन दिया और कहा किसी भी समय में मेरी बहनों को मेरी आवश्यकता पड़े तो आप सभी बहनों की रक्षा ओर सुरक्षा करने तुरंत पहुंचूंगा। वहीं थाने स्टाफ के जवानो को भी बहनों राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन में मुख्य रूप से भगत सिंह प्रखंड मंत्री पंकज गर्दे विशाल शर्मा दीपेश पाल रितेश राठौड़ चंद्रेश लोधी समीर लोधी चिंटू पाल शुभम जी वर्मा मिथुन चौहान के साथ अन्य बजरंगी बहनों के इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# श्याम संकीर्तन महोत्सव के लिए तैयारियां पूरी

## श्याम मित्र मंडल की मेजबानी में आज से शुभ कारज गार्डन पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्याम मित्र मंडल शिव मोती नगर की मेजबानी में राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर आयोजित दो दिवसीय अ.भा. श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ शनिवार, 24 अगस्त को सांय 7 बजे से होगा। महोत्सव के लिए कोलकाता से आए कलाकारों ने 11 किस्म के फूलों से गणेशजी, हनुमानजी एवं श्याम बाबा सहित तीन भव्य दरबार श्रृंगारित किए हैं। समूचा गार्डन दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्याम भक्त श्रीमती पुष्पादेवी मित्तल के सानिध्य में महोत्सव में शामिल होने के लिए कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक शुभम-रूपम, राज पारीख, सौरभ शर्मा, तुषार चौधरी, शिवम रावल एवं दिल्ली के प्रख्यात संगीत समूह के प्रमुख नरेश पुनिया और कोलकाता के संगीत समूह के.वी.आर. के कलाकार भी शनिवार को विमान एवं रेल मार्ग से इंदौर पहुंच रहे हैं। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह महोत्सव दो दिनों तक चलेगा। इस दौरान इंदौर के स्थानीय भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रविवार, 25 अगस्त को भी शाम 7 बजे से महोत्सव शुरू हो जाएगा। मंडल के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राजेश सिंघल एवं मुकेश सिंघल ने बताया कि कोलकाता से आए रंगकर्मी इंद्रजीत दादा एवं उनके सहयोगी 20 कलाकारों ने पिछले तीन दिनों के मैराथन प्रयासों से कार्यक्रम स्थल पर वाटर प्रूफ पांडाल में तीन भव्य दरबार श्रृंगारित किए हैं। समूचा पांडाल वाटर प्रूफ रहेगा, जिसमें भक्तों के बैठने की व्यवस्था भी शामिल है।

# बैंक अफसर के घर सोने के जेवरात और नकदी उड़ाए

## डिजिटल लाकर खोलकर दिया वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पलासिया इलाके में रहने वाले बैंक अफसर के सूने घर में चोर घुस गए। घटना के वक्त वे मुंबई गए हुए थे। चोर यहां से डिजिटल लॉकर खोलकर नकदी और सोने के जेवरात चुरा ले गए। मामले में पुलिस ने दोस्त की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही है।**

पलासिया पुलिस को हृदयेश गुप्ता निवासी शुभलाभ वैली, खजराना ने बताया कि चोरी आईसीआईसीआई के नितिन पाटौदी निवासी मनीषपुरी (साकेत नगर) के यहां हुई। घटना के वक्त नितिन मुंबई गए हुए थे। इसलिए चाबी हृदयेश के पास थी। हृदयेश गुरुवार को नितिन के घर में पेंटिंग कराने पहुंचे तो घर का सामान बिखरा था। किचन का दरवाजा टूटा था। बैडरूम की आलमारी का सामान बिखरा था। इसमें रखे सोने के दो कंगन, ईयर रिंग व अन्य जेवर सहित 70 हजार रुपए नगद चोरी हो गए। घर में रखा डिजिटल लॉकर को तोडकर उसका सामान भी बदमाश चुरा ले गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### फैक्ट्री में चोरी

इसी प्रकार बाणगंगा इलाके की फैक्ट्री में 15 दिन पहले चोरी हो गई। पुलिस ने इस मामले में अब केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक विशाल पटेल ने बताया कि वह विश्वनाथ इंडस्ट्रीज पोलो ग्राउंड में सेल्स मैनेजर हैं। 15 दिन पहले रात में स्टाफ के साथ फैक्ट्री पर ताला लगाकर घर गए। अगले दिन जब सुबह स्टाफ आया तो फैक्ट्री के मशीनों में उपयोग किये जाने वाले तांबे के तार, अन्य सामान नहीं मिला। इस मामले की जानकारी मालिक को दी। इसके बाद लिखित शिकायत थाने में दी गई।

### कार से हार्न चोरी

उधर, लसूडिया थाना क्षेत्र में 21 अगस्त को 12 बजे के लगभग दो युवक खड़ी कार से हार्न चुराते दिखे। फरियादी निलेश पिता कमल रिमझा निवासी निरंजनपुर की शिकायत पर बबला व बिट्टू निवासी निरंजनपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि 21 अगस्त को जब वह अपनी कार को खालसा चौक पर अंशु के घर के सामने खड़ी कर घर पर खाना खाने गया और वापस लौटने पर देखा कि दो लडके बबला व बिट्टू कार से हार्न निकाल रहे थे। मना करने पर दोनों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। फरियादी के अनुसार बिट्टू और बबला ने उसके कान पर कड़े जैसी किसी वस्तु से मारा जिससे खून निकलने लगा। दोनों आरोपियों ने जान से खत्म करने की भी धमकी दी।

# जमीन की जालसाजी, 50 लाख रुपए ले लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जमीन की तालसाजी कर लाखों रुपए ऐंठने के मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। आरोप है कि जिस जमीन को पहले बेच दिया गया था, उसी जमीन को दोबारा बेचकर रुपए ले लिए। निखिल सेदानी ने तेजाजी नगर थाने और आजाद नगर एसीपी को शिकायत में बताया कि ग्राम लिंबोदी स्थित सर्वे नंबर 286/3 का सौदा जमीन के मालिक राजेंद्र भंडारी और रेशमाबाई से 2021 में पांच करोड़ 15 लाख रूपए में किया था। इसके बाद अनुबंध कर 50 लाख रूपए दिए और जाहिर सूचना दी। इसके बाद पता चला कि उक्त जमीन भंडारी ने 2018 में किसी गुप्ता को बेच दी थी। निखिल जब भंडारी के पास पहुंचा और बेची हुई जमीन दोबारा बेचने की बात कही तो वह कहने लगा कि इसका निराकरण कर देगा लेकिन आज तक न तो जमीन की रजिस्ट्री की और न ही रूपए लौटाए। तेजाजी नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निगम के सेवानिवृत्त अफसर के बेटे को किया बाउंडर ओवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला के साथ मारपीट करने और उसे घर से बेदखल करने वाले नगर निगम के एक रिटायर्ड अफसर के बेटे को एसीपी विजयनगर कृष्णलालचंदानी ने एक साल के लिए बाउंडओवर किया है। सिंगापुर टाउनशिप निवासी मेधा गोगड़े ने विजय नगर एसीपी को शिकायत की थी कि उसके पति सागर पिता बसंत गोगड़े ने उसे घर से निकाल दिया है और मारपीट की थी। इसको लेकर रिटायर्ड अधिकारी का बेटा जेल भी जा चुका है। हाल ही में महिला की ओर से एक और शिकायत की गई थी इसमें कहा गया था कि सागर उसे लगातार धमका रहा है शांति भंग न हो इसको ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने सागर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे एक साल के लिए बाउंडओवर किया है।

# संदिग्ध हालत में मौत

इंदौर। नेमावर रोड के नजदीक रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम संजू पिता नाथू लाल निवासी नेमावर रोड पुलिस आजाद नगर है। साडू मेहरबान के अनुसार संजू को पेट दर्द और उल्टी हुई तो उसे वह अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने अगले दिन जांच के लिए आने को कहा था। संजू को दोबारा घर लेकर आए। रात को ही उसकी तबीयत बिगड़ी ,उसे फिर से अस्पताल ले गए तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा कि मौत किन कारणों से हुई है।

# हॉस्टल की बिल्डिंग से गिरा युवक, हालत गंभीर

इंदौर। मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की बिल्डिंग से देर रात एक युवक गिर गया, उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हॉस्टल की बिल्डिंग का निर्माण काम चल रहा है। बताया जा रहा है वह वहीं पर काम कर रहा था। गुरुवार की रात वह निर्माणाधीन बिल्डिंग में ऊपर सो रहा था। देर रात बारिश होने की वजह से वह नीचे उतरने लगा तभी ऊपर से नीचे आ गिरा। हॉस्टल की कैंटीन में काम करने वाले कमलेश ने उसे बड़े अस्पताल पहुंचाया था। उसका नाम मुजम्मिल सामने आया है। वह कहां का रहने वाला है यह पता नहीं लग पाया है। फिलहाल घायल का बड़े अस्पताल में इलाज जारी है।

# शादी का झांसा देकर लूटी अस्मत

## क्रेडिट कार्ड लेनदेन का मामला दुष्कर्म और ब्लेमेलिंग में बदला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस के पास पहुंचा क्रेडिट कार्ड के लेनदेन का मामला रेप और ब्लैकमेलिंग में बदल गया। एमआईजी पुलिस ने 33 साल की युवती की शिकायत पर राजकुमार पुत्र गोपीकृष्ण मूंदड़ा निवासी मुरलीधर व्यास कॉलोनी बीकानेर के खिलाफ रेप और ब्लैकमेलिग का केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि फरवरी माह में उसकी शादी हुई है। राजकुमार उसका पहला प्रेमी है। जिससे मेट्रोमोनियल साइट से अगस्त 2021 में दोस्ती हुई। बातचीत बढ़ी तो दोनों एक दूसरे को पंसद करने लगे। राजकुमार ने कहा कि वह शादी करना चाहता है। इसलिये मिलने घर आ रहा है। नवंबर 2021 में वह घर आया और उसने शादी की बात कर जबरदस्ती संबंध बनाए। इसके बाद वह होटल में दो से तीन दिन रूका। वहां मिलने बुलाया।



राजकुमार क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता है, इसलिय युवती ने भी उससे अपना क्रेडिट कार्ड बनवा लिया। लेकिन राजकुमार ने उसे अपने पास ही रखा और शॉपिंग करने लगा। युवती ने 2022 में राजकुमार को परिवार से मिलवाया। उन्होंने शादी को लेकर हां कर दी। अक्टूबर 2023 में राजकुमार ने बात करने से इंकार कर दिया। उसने कहा कि में शादी नहीं कर पाउंगा। सिर्फ रूपए को लेकर ही तुमसे झूठे वादे किये थे। नवंबर 2023 में राजकुमार ने दूसरी लडकी से शादी कर ली और क्रेडिट कार्ड बंद करने और रुपए वापस करने से इनकार कर दिया। इस पर युवती ने राजकुमार के खिलाफ जालसाजी की शिकायत कर दी। राजकुमार ने धमकी दी कि उसके खिलाफ शिकायत वापस नहीं ली तो होटल में टीवी के ऊपर कैमरे लगाकर कुछ वीडियो बनाए थे। वह वायरल कर देगा। युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी बदनामी नहीं हो। इसलिये उसने सिर्फ रूपए को लेकर शिकायत की। लेकिन राजकुमार उक्त शिकायत वापस लेने के लिये धमका रहा था। इसलिये माता-पिता को इंदौर आकर पूरी जानकारी दी। पीडिता के साथ परिवार के लोग गुरुवार को थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर प्राणघातक हमला

इंदौर। एक युवक पर शुक्रवार की शाम बदमाश ने प्राणघातक हमला कर दिया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसे नजदीक के अस्पताल ले भर्ती कराया गया है। हीरानगर पुलिस ने बताया कि घटना कौशल्यापुरी की है। यहां पर अनुराग नाम के लडके पर शुक्रवार शाम बदमाश पीयूष निवासी नंदानगर ने चाकू से हमला कर दिया था। उसे बरोड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले जांच कर रही है। इधर आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक अनुराग के परिवार के लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि घायल के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि आखिरकार किन कारणों के चलते बदमाश ने उस पर हमला किया।

# पति से है जान का खतरा

## पत्नी ने शारीरिक सरंचना को लेकर करता है टिप्पणी का लगाया आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक महिला ने अपने पति पर शारीरिक संरचना को लेकर गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। कहा कि पति बेटे के लिए भरण-पोषण नहीं देता। महिला ने बताया कि उसके पति से जान को खतरा है।**

राजेंद्र नगर इलाके में रहने वाली महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति प्रदीप राजौरिया पर 85, 296, 115(2), 351(3) भा.न्याय.सं के मामले में केस दर्ज किया है। महिला ने पति पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक महिला ने एक लिखित आवेदन दिया था, जिसमें बताया कि उसकी शादी 13 साल पहले हुई है। शादी के बाद एक बेटा है। शादी के कुछ समय बाद पति आए दिन विवाद करते हैं। कई बार मारपीट की। लेकिन परिवार के लोगों के चलते आपस में सुलह हो गई। लेकिन पति फिर से विवाद करने लगे। उनका कहना है कि वह मुझे घर पर छोड़ देंगे और कुछ नहीं देंगे। बेटे के भरण पोषण भी नहीं करते हैं। रुपए मांगने पर कहते हैं कि भाई और पिता से लेकर आओ। वे मेरी शरीर की संरचना को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हैं, ताने मारते हैं। बोलते हैं कि कहीं ले जाने लायक नहीं हो। 21 अगस्त की रात को पति ने विवाद किया। मारपीट करते हुए अपशब्द कहे। जब पुलिस को बुलाने की बात कही तो धमकी दी कि गला दबाकर हत्या कर दूंगा। पुलिस ने जांच के बाद मामले में केस दर्ज किया है और आरोपी पति की तलाश कर रही है।

# भगवान से सौदेबाजी करने वाला सच्चा भक्त नहीं हो सकता : स्वामी भास्करानंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ज्ञान, भक्ति और वैराग्य यदि बिना विवेक के प्राप्त किए जाएं तो उनका कोई महत्व नहीं रह जाता। ऐसे सत्संग और मंदिर दर्शन का भी कोई लाभ नहीं, जिनको करने से न तो हम झूठ बोलना बंद करते हैं और न ही आडबंर से दूर रहते हैं। भगवान भी इस तरह की भक्ति से कभी प्रसन्न नहीं होंगे। कथा की यात्रा अंतहीन होती है। यह ऐसी यात्रा है, जो कभी खत्म नहीं होती। भगवान से सौदेबाजी करने वाला सच्चा भक्त नहीं हो सकता।

ये दिव्य विचार हैं वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के, जो उन्होंने मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट और रामदेव मन्नालाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। कथा का यह दिव्य आयोजन समाजसेवी मन्नालाल गोयल और मातुश्री चमेलीदेवी गोयल की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी की शोभायात्रा भी निकाली गई। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से प्रेमचंद झकनकलता गोयल, विजय-कृष्णा गोयल एवं निधि-आनंद गोयल ने व्यासपीठ का पूजन किया। कथा 29 अगस्त तक प्रतिदिन सांय 4 से 7 बजे तक होगी और इस दौरान विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएंगे। कथा स्थल पर भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।

# आर्मी जवानों ने ऊर्जा मंत्री का बंगला घेरा

## ट्रैफिक जवान पर मेजर से मारपीट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर,(एजेंसी)। ग्वालियर में आर्मी के मेजर और ट्रैफिक जवान के बीच मारपीट हो गई। विवाद एक्सीडेंट को लेकर हुआ था। परिजन का आरोप है कि मेजर को पुलिस उठाकर ले गई। इसके बाद गुरुवार देर रात थाने पर हंगामा हो गया।**

शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे आर्मी के जवान इकट्ठा होकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बंगले पर पहुंच गए। यहां नारेबाजी की। मंत्री ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

दरअसल, गुरुवार शाम करीब 8 बजे सीएम डॉ. मोहन यादव का काफिला निकलने वाला था, जिसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। इसी बीच, शताब्दीपुरम के रहने वाले आशीष चौहान अपनी पत्नी, बहन और दोस्त के साथ कार से जा रहे थे। आशीष मेजर हैं और वर्तमान में राजस्थान के जोधपुर में



पदस्थ हैं।

**मेजर ने ट्रैफिक जवान की पिटाई कर दी-** इसी दौरान इनोवा कार ने मेजर की गाड़ी को टक्कर मार दी। वह गाड़ी लेकर भागने लगा। मेजर गाड़ी से उतरकर उसे पकड़ने के लिए दौड़े। वहां मौजूद ट्रैफिक जवान ने मेजर को रोका। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मेजर ने ट्रैफिक जवान की पिटाई कर दी। हंगामा देख वहां से गुजर रही क्राइम ब्रांच पुलिस भी आ गई। मेजर को गाड़ी में बिठाकर गोला का मंदिर थाने ले गई। सूचना पर अफसर के परिजन समेत अन्य लोग रात में ही थाने पहुंच गए। उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर केस दर्ज करने की मांग की।

### मेजर की पत्नी बोली- मारपीट कर पति को ले गए

मेजर की पत्नी मीनाक्षी चौहान ने बताया, वह और उनके पति जब वहां से गुजर रहे थे। उस समय सीएम का काफिला नहीं निकल रहा था। ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने पति से बेवजह विवाद किया था। विरोध करने पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने उनके साथ मारपीट की। क्राइम ब्रांच पुलिस पति को जबरन गाड़ी में बैठ कर ले गई। जब रोकने की कोशिश की, तो पुलिस ने उनके साथ बदतमीजी कर धक्कामुक्की की। ये भी नहीं बताया कि पति को कहां ले जा रहे हैं।

**जांच के बाद करेंगे कार्रवाई-** सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया, ट्रैफिक पुलिसकर्मी और आर्मी के मेजर का विवाद हो गया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**मंत्री ने होटल में मेजर के परिजन और एसपी को बुलाया-** आर्मी के जवानों के प्रदर्शन के बाद मंत्री ने एसपी धर्मवीर सिंह और आर्मी के अफसरों को बुलाकर तानसेन होटल में करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत की। बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि मामले का सम्मानजनक हल निकाला जाएगा।

# खंडवा में थाने की जाली तोड़कर भागे 5 बदमाश

### टीआई बोले- बाइक चोरी में पूछताछ के लिए लाए थे, दोबारा पकड़ लेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)।** खंडवा में थाना मोघट रोड पुलिस थाने की जाली तोड़कर 5 बदमाश भाग गए। पुलिस ने इन लोगों को बाइक चोरी से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए उठाया था। पूछताछ के दौरान पुलिस को सफलता नहीं मिली, तो उन्हें बरामदे में बैठा दिया। जहां से वे देर रात 3 बजे गलियारे की जाली तोड़कर फरार हो गए। टीआई के मुताबिक बदमाशों को पूछताछ के लिए लेकर आए थे। धरपकड़ में लगे हैं। सभी को वापस उठा लिया जाएगा। टीआई संजय पाठक का कहना है कि बाइक चोरी की लगातार वारदातें हो रही थीं। जांच के दौरान तीन आरोपियों के कब्जे से करीब एक दर्जन बाइक जब्त की हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि एक रैकेट के माध्यम से वारदात करते है। खंडवा से चोरी बाइक हरदा और हरदा से चोरी बाइक को खंडवा में महज 3 से 5 हजार रुपए में बेच देते हैं। इसी रैकेट की जड़ तक पहुंचने के लिए पुलिस ने खंडवा के 5 युवकों को पकड़ा था, जिनके खिलाफ पूर्व में चोरी के मामले में दर्ज हैं। इनमें सोनू, बंटी, अभिषेक समेत कुल 5 बदमाश थे। पूछताछ के लिए उन्हें थाने लाया गया था। उनसे रैकेट के बारे में पूछा गया, तो वे लोग कुछ भी नहीं बता पा रहे थे। सुबह दोबारा से पूछताछ करना थी, इसलिए थाने के गलियारे में बैठा दिया था। पीछे के साइड गलियारे में जाली लगी थी। जंग खा चुकी जाली को बदमाशों ने तोड़ दिया और भाग गए।

### पुलिस बल की कमी, एक जवान ही ड्यूटी पर था

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक थाने पर इस समय बल की कमी है। बाइक चोरी से जुड़े मामले में लगातार पूछताछ का सिलसिला चल रहा है। चार जवान धरपकड़ में लग रहे थे। वहीं, ग्राम टिटगांव में सांप्रदायिक विवाद के बाद से 4 जवानों की ड्यूटी लगा दी है। इस तरह थाने पर बल की कमी हो गई थी। गुरुवार रात हेड कॉन्स्टेबल ही ड्यूटी पर था। बदमाश पीछे के साइड से भागे हैं।

# कोलांस नदी में उफान आने से रास्ता बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर ,(एजेंसी)।** सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बमुलिया में शुक्रवार को तेज बारिश हुई। इस कारण कोलांस नदी उफान पर आ गई। नदी में पानी बढ़ने से गांव का जिला मुख्यालय से सीधा सड़क संपर्क बंद हो गया। शुक्रवार को एक स्कूल की बस बच्चों को छोड़ने जा रही थी, नदी का पानी बढ़ने से आवागमन बंद होने के कारण बस भी किनारे पर खड़ी हो गई।

करीब 3 घंटे बाद पानी कम होने पर बस रवाना हो सकी। बस में सवार बच्चे शिकारपुर, सेमली, कायरी जदीद जा रहे थे।ग्रामीण अभिषेक, संदीप कुमार, राजेश कुमार, जितेंद्र आदि ने बताया कि एक घंटे की तेज बारिश में यही स्थिति बनती है। हमने कई बार क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत व प्रशासन को अवगत कराया। यहां बड़ा पुल बन जाए तो बारिश के दिनों में आवागमन बंद नहीं होगा। इस कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# चाची से पिटने पर भतीजी बोली- पहले मैंने उन्हें मारा

### कहा- मम्मी ने दूसरी शादी की, बहन भी ले गई; नाना बोले- नातिन दवाब में, वे उसे प्रताड़ित कर रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, (एजेंसी)। रतलाम में चाची द्वारा भतीजी के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन व वन स्टॉप सेंटर ने बच्ची को दादा-दादी के घर से रेस्क्यू किया था। टीम सदस्यों ने उसे अपने साथ लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। 8वीं में पढ़ने वाली बच्ची की यहां काउंसिलिंग की गई। यहां उसके बयान हुए। बालिका ने अपने दादा-दादी व चाचा-चाची के साथ ही रहने की इच्छा जताई। इसके बाद बालिका को दादी के साथ वापस घर भेज दिया।**

बाल कल्याण समिति के सदस्य शंभु मांगरोदा ने बताया कि बच्ची से मारपीट करने वाली चाची से आज पूछताछ की जाएगी। टीआई रवींद्र दंडोतिया ने बताया कि चाची के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। बच्ची से पूछताछ के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। उधर, बच्ची के नाना ने नातिन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

### पिटाई के बारे में क्या कहती है बच्ची

मैने गलती की थी। चाची डांट रही थी। डांटने के साथ जोर से चिल्लाई तो मैने चाची के ऊपर हाथ उठा दिया। जिस वजह से चाची ने मुझे मारा। उसके बाद से हम सब कुछ भूल गए। मैं बचपन से दादा-दादी व चाचा-चाची के साथ रही हूं। उन्हीं के साथ रहना चाहती हूं। मां का चार-पांच साल पहले पिता से तलाक हो चुका है। तो भी मैं यहीं हूं। मां ने दूसरी शादी कर ली है। मेरी एक बहन है जिसे मेरी मां लेकर चली गई है। मुझे कोई कार्रवाई नहीं करना है।

### बालिका के चाचा ने भी जारी किया वीडियो

बालिका के चाचा बजरंग दल के जिला सह संयोजक ने गुरुवार देर रात सोशल मीडिया पर उनकी भतीजी का 27 सेंकड का वीडियो जारी किया।

### दादी बोली बहू के घरवालों को भेजा था वीडियो

बाल कल्याण समिति के सामने दादी के भी बयान हुए। समिति सदस्य शंभु मांगरोदा ने बताया दादी ने वीडियो बनाकर बहू (चाची) के घरवालों को भेजा था। उसके परिवार को बताने के लिए डाला था कि वह बच्चो को इस प्रकार मार रही है। ताकि वह चाची को समझा सके। वीडियो वहां से गया होगा। उस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। यह बात दादी ने अपने बयान में कही है।

# पन्ना-सतना एनएच 39 पर पलटी बस

### कुचलने से बाइक सवार की मौत, 25 यात्री घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना,(एजेंसी)।** पन्ना-सतना एनएच 39 सड़क मार्ग में देवेंद्रनगर के पास तेज रफ्तार यात्री बस सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। वहीं बस में सवार करीब 25 यात्री घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर भेजा गया है।

जिले के पन्ना सतना एनएच 39 सड़क मार्ग में देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़वारा मोड़ के पास यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया गया कि मां परमज्योति बस (एमपी 19 पी 2917) पन्ना से सतना को ओर जा रही थी। तभी सतना-नागौद की तरफ से बाइक में सवार दो लोग आ रहे थे। जिसे बचाने के चक्कर मे यात्री बस अनियंत्रित हो गई और बाइक को कुचलते हुए पलट गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।दूसरा घायल हो गया। घटना की जानकारी लगते ही देवेंद्रनगर थाना पुलिस और गुनोर विधानसभा से विधायक राजेश वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। गंभीर घायल एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं मृतक की पहचान पुलिस कर रही है।

# तेज रफ्तार कार पलटी, एक की मौत, दो घायल

### डैम से घूम कर लौट रहे थे दोस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, (एजेंसी)। चिमहुआ डैम घूमने गए तीन दोस्त घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए जिसमें से एक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य बुरी तरह से घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि उनकी कार एक पेड़ से टकरा गई जिसके कारण यह हादसा हुआ गाड़ी चला रहा युवक स्टेरिंग में फस गया था जिससे उसकी मौत हो गई।**

कार शुक्रवार की दोपहर 12 बजे करीब एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वही तीन घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जिसमें प्राथमिक इलाज के बाद एक युवक को गंभीर होने के कारण नागपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। दो घायलों को जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार मुन्नू पिता अजीम मंसूरी 25 साल अमरवाड़ा के सिगोड़ी का रहने वाला है। वह अपने साथी तैयब पिता अकरम उम्र 20 साल, इमरोज पिता अंसार अंसारी 23 साल और शहजाद पिता अकरम अंसारी के साथ कार से अमरवाड़ा से सिंगोड़ी वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अमरवाड़ा के समीप ढावे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

इस हादसे में चारों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 से चारों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मुन्नू मंसूरी को मृत घोषित कर दिया। वही इमरोज की हालत गंभीर होने के कारण नागपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया।

जबकि दो घायलों को जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संपादकीय

## उनकी मांग वाजिब

कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना ने सभी संवेदनशील लोगों के भीतर दुख और आक्रोश भर दिया है। यह बेवजह नहीं है कि बड़ी तादाद में लोगों ने इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने से लेकर महिलाओं के खिलाफ अपराध पर काबू पाने के लिए एक कारगर व्यवस्था बनाने के लिए आवाज उठाई है। इसी के तहत कई राज्यों में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी, जिससे वहां कामकाज बाधित हुआ। चिकित्सकों के दुख और गुस्से से किसी को भी असहमति नहीं हो सकती और इस मुद्दे पर उनकी मांग वाजिब है। विडंबना यह है कि हड़ताल से उन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो मजबूरी में इलाज कराने वहां पहुंचते हैं। कोलकाता की घटना पर दुख के समांतर पिछले कुछ दिनों से यह सवाल भी चिंता की वजह बन रहा था कि चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से जो समस्या खड़ी हो रही है, उसका समाधान क्या हो। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सुनवाई के दौरान चिकित्सकों की सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने की अपील की और कहा कि चिकित्सकों के काम से दूर रहने से समाज के उन वर्गों पर असर पड़ता है, जिन्हें चिकित्सीय देखभाल की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। हड़ताल की वजह से खासतौर पर गरीब तबकों से आने वाले मरीजों को हो रही दिक्कतों का अंदाजा भर लगाया जा सकता है। ऐसे तमाम लोग होते हैं, जो किसी बीमारी के इलाज के क्रम में अस्पतालों में दो-दो वर्ष पहले समय लेते हैं और बहुत मुश्किल से उन्हें किसी चिकित्सक से इलाज या आपरेशन कराने का मौका मिल पाता है। ऐसे में अगर सिर्फ हड़ताल की वजह से उन्हें यह कहा जाए कि आपका इलाज नहीं हो सकता, तो इसे कैसे देखा जाएगा। दूसरी ओर, सरकारी अस्पतालों में हड़ताल की वजह से अगर कोई मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों या क्लीनिकों में इलाज के लिए पहुंचता है तो वहां उसे आर्थिक खर्च की किस कसौटी को पूरा करना पड़ता है, यह छिपा नहीं है। निश्चित रूप से एक बेहद तकलीफदेह घटना पर चिकित्सकों का आंदोलित होना और प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। इस आंदोलन को समाज के सभी संवेदनशील लोगों का समर्थन मिला है। मगर इसकी वजह से सरकारी अस्पतालों के कामकाज में जिस स्तर की मुश्किल पेश आई है, वह भी चिंताजनक है। यों सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद दिल्ली में एम्स और राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म करने और ड्यूटी पर जाने की घोषणा कर दी, मगर कुछ राज्यों में अभी भी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हैं। गौरतलब है कि चिकित्सकों की शिकायतों को सुनने के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है। वहीं सीबीआइ ने अपनी स्थिति रपट में जिस तरह की लापरवाहियों और सबूतों से छेड़छाड़ की ओर संकेत किया है, वह बंगाल पुलिस और राज्य सरकार के रुख को कठघरे में खड़ा करता है। ऐसी स्थिति में इस मसले पर चिकित्सकों सहित सभी लोगों की चिंता समझी जा सकती है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी आंदोलन से व्यापक स्तर पर वैसे लोगों के जीवन के सामने संकट न पैदा हो, जो पहले ही बीमारी से घिरे कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।



## शेख चिल्ली की कहानी

# सड़क यहीं रहती है

शेखचिल्ली से जुड़ा यह किस्सा शुरू होता है, उसी के गांव की पुलिया से। एक दिन शेखचिल्ली अपने दोस्तों के साथ वहां बैठा हुआ था। सभी आपस में गप्पे लड़ा रहे कि तभी शहर से एक व्यक्ति वहां आकर रुका और शेख और उसके दोस्तों से पूछने लगा, "क्यों भाई, क्या कोई बता सकता है कि मियां शेख साहब के घर की तरफ कौन-सी सड़क जाती है?"

वो व्यक्ति शेखचिल्ली के पिता के बारे में पूछ रहा था। उसके पिता को पूरा गांव "शेख साहब" कहकर बुलाता था, लेकिन उस सज्जन की बात सुनकर शेखचिल्ली को नई हरकत सूझ गई। उसने कहा, "क्या आप यह जानना चाहते हैं कि शेख साहब के घर और कौन-सी सड़क जाती है?"

"हां-हां यही पूछना चाहता हूं!" उन व्यक्ति ने जवाब दिया।

इतना सुनते ही शेखचिल्ली बोल पड़ा, "इनमें से कोई भी सड़क नहीं जाती।"

इस पर शहरी सज्जन बोला, "अगर ये नहीं तो कौन-सी सड़क जाती है?"

शेखचिल्ली बोला, "कोई नहीं।"

व्यक्ति – "क्या कहते हो बेटा, मुझे तो सभी ने यही बताया है कि शेख साहब का घर इसी गांव में है।"

शेखचिल्ली – "आप, बिल्कुल सही कह रहे हैं, शेख साहब इसी गांव में रहते हैं"।

व्यक्ति – "तभी तो मैं पूछ रहा हूं कि कौन-सा रास्ता उनके घर तक जाता है? "

शेखचिल्ली ने कहा- "जनाब आप तो उनके घर पहुंच जाएंगे, लेकिन ये सड़क यहीं रहेगी, ये कहीं नहीं जाएगी। ये बेचारी सड़क तो चल ही नहीं सकती। मैं शेखचिल्ली हूं, शेख साहब का बेटा। मैं आपको वो रास्ता बताऊंगा, जिस पर चलकर आप ठीक पते पर यानि मेरे घर पहुंच जाएंगे।"


शेखचिल्ली की बात सुनकर वो आदमी बहुत खुश हुआ और बोला, "तू तो बड़ा समझदार हो गया है और काफी बुद्धिमान भी। चल बेटा मुझे अपने घर ले चल। तेरे अब्बा मेरे बचपन के दोस्त हैं। मैं तेरे लिए अपनी बेटी का रिश्ता लेकर आया हूं। मेरी बेटी भी तेरी तरह बहुत समझदार है। तुम दोनों की जोड़ी बहुत अच्छी लगेगी।"

सज्जन पुरुष की बात सुन, शेखचिल्ली उन्हें अपने घर ले गया।

### कहानी से सीख :

व्यक्ति को हमेशा अपनी बात स्पष्ट रूप से बोलनी चाहिए। साथ ही शब्दों के चयन पर भी गौर करना जरूरी है, ताकि सामने वाला बात को समझ सके।

## चित्र में रंग भरो



New Delhi

# जाति का जिक्र नहीं तो नहीं माना जाएगा SC-ST एक्ट के तहत अपराध, सुप्रीम कोर्ट ने दे दी जमानत

**नईदिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला सुनाया जिसमें देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय से आने वाले किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति का जिक्र किए बिना अपमानित करने की घटना को एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के कड़े प्रावधानों के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। जस्टिस जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एक ऑनलाइन मलयालम समाचार चैनल के संपादक शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया।**

आपको बता दें कि स्कारिया पर एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन्होंने एससी समुदाय से आने वाले सीपीएम विधायक पीवी श्रीनिजन को 'माफिया डॉन' कहा था। ट्रायल कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

संपादक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और गौरव अग्रवाल की दलीलों को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'एससी/एसटी समुदाय के किसी सदस्य का जानबूझकर किया गया अपमान या धमकी जाति-आधारित अपमान की भावना पैदा नहीं करती है।''

कोर्ट ने कहा, 'हमारी राय में प्रथम दृष्टया ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह संकेत दे कि स्कारिया ने यूट्यूब पर वीडियो प्रकाशित करके अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावनाओं को बढ़ावा दिया। वीडियो का एससी या एसटी के सदस्यों से सामान्य रूप से कोई लेना-देना नहीं है। उनका निशाना सिर्फ श्रीनिजन थे।'

पीठ ने कहा कि अपमानित करने के इरादे को उस व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए, जिसमें हाशिए पर पड़े समूहों के अपमान की अवधारणा को विभिन्न विद्वानों ने समझा है। पीठ ने आगे कहा, 'यह सामान्य अपमान या धमकी नहीं है, जिसे 1989 के अधिनियम के तहत दंडनीय बनाने की मांग की जाती है।'

Assam

## पुलिस की गिरफ्त से भागा असम गैंगरेप का मुख्य आरोपी तफजुल इस्लाम, तालाब में डूबकर मौत



**असम, (एजेंसी)** असम के धींग में 14 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार में शामिल तीन आरोपियों में से एक की शनिवार तड़के मौत हो गई। मिल रही जानकारी के मुताबिक, जब पुलिस टीम उसे क्राइम सीन रीक्रिएशन के लिए ले गई थी तब वह एक तालाब में कूद गया। यहां डूबने से उसकी मौत हो गई। आपको बता दें कि उसके हाथों में हथकड़ी बंधी थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से इस घटना की पुष्टि की है।

तफजुल इस्लाम को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को उसे मौके पर ले जाया गया। पुलिस ने कहा, 'आरोपी पुलिस हिरासत से भाग गया और तालाब में कूद गया। तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया गया और लगभग दो घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया।'

आपको बता दें कि गुरुवार को 14 वर्षीय लड़की के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के बाद असम के नागांव जिले में आक्रोश और गुस्सा व्याप्त है। इस घटना के बाद से व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। छात्र संघ और विभिन्न संगठनों ने क्षेत्र में बंद का आह्वान किया है। रिपोर्ट के अनुसार, नाबालिग लड़की को अर्ध-बेहोशी की हालत में तालाब के पास पड़ा पाया गया, उसकी साइकिल तालाब के पास ही थी। कुछ स्थानीय निवासियों ने लड़की को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

New Delhi

## दिल्ली में मिठाई की दुकान के बाहर गोलीबारी, इलाके में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में एक मिठाई की दुकान पर दो हथियारबंद हमलावरों ने गोलीबारी कर दी. घटना शुक्रवार रात 11 बजे सिंगला स्वीट शॉप के बाहर हुई. इस गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मच गया. बताया जा रहा है कि हमलावरों ने रंगदारी और उगाही के इरादे से फायरिंग की थी.**

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात अचानक दो लोग मोटरसाइकिल पर आए और दुकान के सामने के शीशे पर गोलियां चलाकर मौके से भाग गए. घटनास्थल से चार खाली कारतूस बरामद किए गए हैं, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है. पुलिस ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ने बताया का प्रथम दृष्टया मामला जबरन वसूली का लग रहा है. वसूली को लेकर डर फैलाने के चलते हमलावरों ने गोलीबारी की है.मामले में अधिक जानकारी जुटाने और हमलावरों का पता लगाने के लिए टीमें गठित कर दी गई है. जल्द ही हमलावरों का पता लगा लिया जाएगा और गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा.

Uttarpradesh

## मथुरा में 2 साल पहले पूर्व प्रधान का हुआ था मर्डर, बदला लेने के लिए बेटे ने आरोपी को भरी पंचायत में मारी गोली

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा में शेरगढ़ के पैगांव में सीताराम बगीची पर समाज की कुरीतियों को लेकर पंचायत बुलाई गई थी. इस पंचायत में पूर्व प्रधान स्व. रामवीर का बेटा कृष्णा चौधरी भी पहुंचा था. कृष्णा ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के अमोल पहलवान को भरी पंचायत में गोलियों से भून दिया. इससे अनमोल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वारदात को अंजाम देने के बाद कृष्णा चौधरी मौके से फरार हो गया. घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया. दरअसल, पैगांव में 29 जनवरी 2022 को कोकिलावन मार्ग पर तीन शूटरों ने उस समय के प्रधान रामवीर की हत्या कर दी थी. इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने अमोल पहलवान को मुख्य आरोपी बनाया था. इसके बाद समाज की कुरीतियों को लेकर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें रामवीर के बेटे कृष्णा चौधरी ने भरी पंचायत में अमोल पहलवान की हत्या कर दी. हत्या की वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. एसएसपी शैलेश कुमार पांडे का कहना है कि शेरगढ़ क्षेत्र के पैगांव में हत्या की घटना हुई है, जिसमें अमोल पहलवान नाम के व्यक्ति को गोली लगी थी. उसके परिजन जब अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. गांव में एक स्थानीय विषय पर पंचायत चल रही थी, जिसमें कृष्णा चौधरी और अमोल पहलवान भी था, दोनों के बीच कहासुनी हुई थी.

खेल

# शिखर धवन ने किया संन्यास का ऐलान, इमोशनल होकर बोले- आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं...



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार, 24 अगस्त को इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। क्रिकेट के मैदान पर 'गब्बर' के नाम से मशहूर इस खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल वीडियो पोस्ट कर अपने रिटायरमेंट की घोषणा की। धवन ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच वनडे फॉर्मेट में दिसंबर 2022 में खेला था, इसके बाद वह लगातार टीम से बाहर चल रहे थे। हालांकि धवन आईपीएल 2025 में खेलते हुए नजर आ सकते हैं क्योंकि उन्होंने वीडियो में आईपीएल से संन्यास की कोई बात नहीं कही है। शिखर धवन ने अपने संन्यास का ऐलान करते हुए एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, "मैं अपने क्रिकेट के सफर के इस अध्याय को समाप्त कर रहा हूं, मैं अपने साथ अनगिनत यादें और कृतज्ञता लेकर जा रहा हूं। प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद! जय हिंद!"

धवन वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं, 'नमस्कार सभी को! आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं जहां से पीछे देखने पर सिर्फ यादें हीं नजर आती हैं और आगे देखने पर एक पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से एक ही मंजिल थी, टीम इंडिया के लिए खेलना और वो हुआ भी। जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं। सबसे पहले मेरा परिवारमेरे बचपन के कोच तारक सिन्हा जीमदन शर्मा जी जिनके अंडर मैंने क्रिकेट सीखी।'

गब्बर ने आगे कहा, 'एक मेरी टीम जिसके साथ-साथ मैं सालों खेला, मुझे एक परिवार और मिलानाम मिला और आप सबका प्यार मिला। पर कहते हैं ना कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटना जरूरी है, तो बस मैं भी ऐसा ही करने जा रहा हूं। मैं इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।'

धवन ने वीडियो के अंत में कहा, 'और अब जब मैं अपने क्रिकेट के सफर को अलविदा कह रहा हूं, तो मेरे दिल में एक सुकून है कि मैं अपने देश के लिए बहुत खेला और मैं बहुत शुक्रगुजार हूं बीसीसीआई-डीडीसीए का जिन्होंने मुझे मौका दिया और मेरे सारे फैंस का जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। मैं खुद से यही कहता हूं भाई तू इस बात से दुखी मत हो कि तू अपने देश के लिए फिर नहीं खेलेगा पर इस बात की खुशी अपने पास रख कि तू अपने देश के लिए खेला और ये मेरे लिए सबसे बड़ी बात है कि मैं खेला।'

सिनेमा

## तो इस वजह से हुआ हार्दिक-नताशा का तलाक? करीबी शख्स ने बताया क्यों आने लगी रिश्तों में खटास!



हार्दिक पांड्या और नताशा स्टैनकोविक का अलग होना फैंस के लिए काफी शॉकिंग था। स्टार क्रिकेटर की निजी जिंदगी में चल रही उथल-पुथल पर सबकी नजरें थीं, और फिर एक दिन दोनों ने अलग होने का ऐलान कर दिया। अब एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दोनों के बीच बढ़ती दूरियों की वजह हार्दिक पांड्या का ज्यादातर वक्त सिर्फ अपने बारे में सोचना था। कपल के एक करीबी शख्स ने बताया है कि नताशा ने काफी हद तक आपस में संतुलन बिठाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बन पाई। टाइम्स नाउ ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया, 'वह उसके लिए बहुत ज्यादा ही दिखावटी था, और बस खुद में ही मस्त रहता था। नताशा के लिए अब इस रिश्ते को बर्दाश्त करना मुश्किल होता जा रहा था। नताशा को एक पॉइंट पर आकर फील हुआ कि उनकी पर्सनैलिटी में काफी अंतर है। उन्होंने आपस में संतुलन बिठाने की कोशिश की लेकिन असहजता बढ़ने लगी। यह एक ऐसी प्रोसेस थी जो कभी खत्म नहीं होती और इसी वजह से कुछ वक्त के बाद थकाने वाले हो गई। नताशा तालमेल नहीं बिठा पा रही थीं, इसलिए उन्होंने एक कदम पीछे हटने का फैसला किया।'

## Highlights

1. **Could be helpful: White House on PM Modi's visit to Ukraine**
2. **Advocate files complaint over ₹12.5-cr pressure cooker scam in BMC**
3. **Newborn dies during 7.5-hr-long power cut at Delhi hospital, probe on**
4. **IAF jet to bring bodies of Indian pilgrims died in Nepal bus crash**
5. **'Ex-principal acted like a mafia, the CM is promoting him,' claim RG Kar hospital officials**
6. **1-yr maternity leave, 3-yr preferred posting for women police in TN: CM**

# The biggest diamond in over a century found in Botswana, a whopping 2,492 carats

**NEW DEIHI, (Agency).** The largest diamond found in more than a century has been unearthed at a mine in Botswana, and the country's president showed off the fist-sized stone to the world at a viewing ceremony Thursday.



The Botswana government says the huge 2,492-carat diamond is the second-biggest ever discovered in a mine. It's the biggest diamond found since 1905.

The as-yet-unnamed diamond was presented to the world at the office of Botswana President Mokgweetsi Masisi. It weighs approximately half a kilogram and Masisi was one of the first to get to hold it.

"It is overwhelming," Masisi said. "I am lucky to have seen it in my time." He gasped and said "wow" before calling senior government officials over to take a closer look.

Officials said it was too early to value the stone or decide how it would be sold. Another smaller diamond from the same mine in Botswana was sold for $63 million in 2016, a record for a rough gem.

"This is history in the making," said Naseem Lahri, Botswana managing director for Lucara Diamond Corp., the Canadian mining company that found the diamond. "I am very proud. It is a product of Botswana."

Lucara said in a statement Wednesday that it recovered the "exceptional" rough diamond from its Karowe Mine in central Botswana. Lucara said it was a "high-quality" stone and was found intact. It was located using X-ray technology designed to find large, high-value diamonds.

"We are ecstatic about the recovery of this extraordinary 2,492-carat diamond," Lucara President and CEO William Lamb said in a statement.

The weight would make it the largest diamond found in 119 years and the second-largest ever dug out of a mine after the Cullinan Diamond that was discovered in South Africa in 1905. The famous Cullinan was 3,106 carats and was cut into gems, some of which form part of the British Crown Jewels.

A bigger, less pure black diamond was discovered in Brazil in the late 1800s, but it was found above ground and was believed to have been part of a meteorite.

# Ola restarts carpooling service after 4 years

**NEW DEIHI, (Agency).** Bhavish Aggarwal's Ola Consumer has relaunched its carpooling feature known as 'Ola Share,' Moneycontrol reported. This comes after nearly four years after the service shut down due to Covid-19.

Aggarwal had also announced the feature at Ola's annual community event 'Sankalp' on August 15.




"We are bringing back Ola Share for cheaper rides, with lower cost rides. This time the experience is much better with AI driven algorithm...We will look at expanding to other cities soon," Aggarwal said.

On similar lines, Uber had launched its Group Rides in Delhi and Rapido launched its carpooling services in Bengaluru.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.



# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक